सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियंत्रण सेवा एक ऐसी सेवा है, जिसमें समूह "क", 'ख" और 'ग' के पद समाविष्ट है।

परिभाषायें

3. यदि विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में–

(क) उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा तथा अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा के **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से राज्य सरकार अभिप्रेत है;

(ख) **"उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा"** तथा **"उत्तराखण्ड जल संस्थान अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा"** से नियम 3 के अधीन सृजित की गयी उत्तराखण्ड जल संस्थान की सामान्य सेवा अभिप्रेत है;

(ग) **"भारत का नागरिक"** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाता है;

(घ) **"आयोग"** से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है;

(ङ) **"संविधान"** से "भारत का संविधान" अभिप्रेत है;

(च) **"सरकार"** से उत्तराखण्ड सरकार अभिप्रेत है;

(छ) **"राज्यपाल"** से उत्तराखण्ड का राज्यपाल अभिप्रेत है;

(ज) **"राज्य"** से उत्तराखण्ड राज्य अभिप्रेत है;

(झ) **"सीधी भर्ती"** से इस नियमावली के भाग–पाँच में विहित रीति से की गयी भर्ती अभिप्रेत है;

(ञ) **"उत्तराखण्ड जल संस्थान"** से उत्तर प्रदेश जल सम्भरण एवं सीवर व्यवस्था अधिनियम, 1975 (यथा उत्तराखण्ड में प्रवृत्त) के अन्तर्गत स्थापित उत्तराखण्ड जल संस्थान अभिप्रेत है;

(ट) **"सेवा का सदस्य"** से इस नियमावली के अधीन किसी अभियन्त्रण सेवा के संवर्ग में किसी पद के प्रति उत्तराखण्ड राज्य की सेवा हेतु अन्तिम रूप से आवंटित या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ठ) **"नागरिकों के अन्य पिछडे वर्गों"** से समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (यथा उत्तराखण्ड में प्रवृत्त) की अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों का पिछड़ा वर्ग अभिप्रेत है;

(ड) **"मौलिक नियुक्ति"** से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रकिया के अनुसार की गई हो;

(ढ) **"भर्ती का वर्ष"** से किसी कलैण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग–दो

संवर्ग और सदस्य संख्या

**अभियन्त्रण सेवाओं का गठन**

4. (1) उत्तराखण्ड जल संस्थान में निम्नलिखित केन्द्रीयत अभियन्त्रण सेवायें होंगी और सेवाओं में उनके सामने उल्लिखित पदनाम होगें:–

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तराखण्ड जल संस्थान अभियन्त्रण सेवा | (एक) | मुख्य महाप्रबन्धक |
| | (दो) | महाप्रबन्धक |
| | (तीन) | अधीक्षण अभियन्ता |
| | (चार) | अधिशासी अभियन्ता |
| | (पांच) | सहायक अभियन्ता |
| (ख) उत्तराखण्ड जल संस्थान अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा | (एक) | अपर सहायक अभियन्ता |
| | (दो) | कनिष्ठ अभियन्ता |

(2) सेवा में पदों की सदस्य संख्या उतनी होगी, जितनी उत्तराखण्ड जल संस्थान के ढांचे में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत किये जाएं :

परन्तु यह कि नियुक्ति प्राधिकारी –

(क) संवर्ग में किसी पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या स्थगित रख सकता है, जिसके लिए कोई व्यक्ति किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा; या

(ख) संवर्ग में पदनाम सहित ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पद राज्य सरकार के अनुमोदन से सृजित कर सकता है, जिसे वह आवश्यक समझें।

**अभियन्त्रण सेवा की सदस्य संख्या**

5. (1) सेवा में पदों की सदस्य संख्या उतनी होगी, जो सरकार के अनुमोदन से सृजित किये जाँय।

(2) उपनियम (1) के अधीन वर्तमान में सृजित पदों का विवरण **अनुसूची 'क'** में दिया गया है।

भाग तीन

भर्ती का स्रोत

**भर्ती का स्रोत**

6. सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी; अर्थात् :–

(1) **कनिष्ठ अभियन्ता**– कनिष्ठ अभियन्ता के पदों पर भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी ;

परन्तु यह कि नियुक्ति प्राधिकारी, नियमावली के लागू होने के दिनांक को जल संस्थान में प्रतिनियुक्ति पर तैनात मौलिक रूप से नियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं, जो प्रतिनियुक्ति की तारीख से निरन्तर कार्यरत हों और पद की शैक्षिक अर्हता धारित करते हों, का संविलियन निर्धारित मानकों के अन्तर्गत जैसा राज्य सरकार उचित समझे, केवल एक बार के लिये सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध कर सकेगा।

(2) **अपर सहायक अभियंता**– अपर सहायक अभियंता के पदों पर भर्ती शत–प्रतिशत पद मौलिक रुप से नियुक्त ऐसे कनिष्ठ अभियन्ताओं में से, जो उस पदोन्नति वर्ष, जिसमें भर्ती की जाए, की पहली जुलाई को कम से कम 5 वर्ष की न्यूनतम सेवा पूर्ण करते हों, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा :

परन्तु यह कि अपर सहायक अभियन्ता के पद पर पदोन्नति कनिष्ठ अभियन्ता के कुल स्वीकृत पदों के सापेक्ष 75 प्रतिशत की सीमा तक ही की जायेगी।

(3) **सहायक अभियन्ता**– सहायक अभियन्ता के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी–

(क) 45 प्रतिशत पद आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती के द्वारा;

(ख) 50 प्रतिशत पद ऐसे कनिष्ठ/अपर सहायक अभियंताओं में से, जो उस पदोन्नति वर्ष, जिसमें भर्ती की जाए, की पहली जुलाई को कम से कम 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा पूर्ण करते हों, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा;

(ग) 5 प्रतिशत पद ऐसे कनिष्ठ/अपर सहायक अभियन्ताओं से, जो उस पदोन्नति वर्ष जिसमें भर्ती की जाए की पहली जुलाई को इस रूप में 07 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण करते हों एवं जिन्होंने भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सिविल, विद्युत या यान्त्रिकी अभियान्त्रिकी में स्नातक उपाधि ***जल संस्थान की पूर्वानुमति से कर ली हो*** या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि अथवा सिविल, विद्युत या यान्त्रिक अभियान्त्रिकी, कम्प्यूटर साइन्स में इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्जीनियर्स (मान्यता प्राप्त) की ''क'' व ''ख'' की परीक्षा उत्तीर्ण की हो, पदोन्नति द्वारा।

*टिप्पणी:– सहायक अभियन्ता पद पर पदोन्नति हेतु सेवा की गणना कनिष्ठ अभियन्ता तथा अपर सहायक अभियन्ता के पद पर की गई सेवा से आगणित की जाएगी।*

परन्तु यह कि नियुक्ति प्राधिकारी, नियमावली के नियम के दिनांक को जल संस्थान में प्रतिनियुक्ति पर तैनात मौलिक रूप से नियुक्त सहायक अभियन्ताओं, जो प्रतिनियुक्ति की तारीख से निरन्तर कार्यरत हों

और पद की शैक्षिक अर्हता धारित करते हों, का संविलियन निर्धारित मानकों के अन्तर्गत जैसा राज्य सरकार उचित समझे, केवल एक बार के लिये सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध कर सकेगा।

(4) **अधिशासी अभियन्ता**– ऐसे सहायक अभियन्ताओं में से, जो उस पदोन्नति वर्ष, जिसमें भर्ती की जाए, की पहली जुलाई को कम से कम 07 वर्ष की न्यूनतम सेवा पूर्ण करते हों, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(5) **अधीक्षण अभियन्ता**– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियन्ताओं में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 15 वर्ष की सेवा (जिसमें अधिशासी अभियन्ता के रूप में कम से कम 06 वर्ष की सेवा भी सम्मिलित हो) पूरी कर ली हो, ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(6) **महाप्रबन्धक** – मौलिक रूप से ऐसे सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियन्ताओं में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 20 वर्ष की सेवा (जिसमें अधीक्षण अभियन्ता के रूप में कम से कम 05 वर्ष की सेवा भी सम्मिलित हो) पूर्ण कर ली हो, श्रेष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(7) **मुख्य महाप्रबन्धक** – मौलिक रूप से ऐसे सहायक अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं महाप्रबन्धकों, जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 25 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, (जिसमें महाप्रबन्धक के पद पर कम से कम 02 वर्ष की सेवा भी सम्मिलित हो) श्रेष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

आरक्षण

7. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

## भाग–चार

## अर्हताएं

राष्ट्रीयता

8. अभियन्त्रण सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी:–

(क) भारत का नागरिक, या,

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से एक जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आये हों, या,

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, यूगाण्डा या यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो :

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति अर्ह होना चाहिये, जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें :

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो, तो पात्रता प्रमाण पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में, उसके भारत की नागरिकता प्राप्त कर लेने के पश्चात ही रखा जायेगा।

**टिप्पणी**– ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण पत्र आवश्यक हो, किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाये या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये।

आयु

9. सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस भर्ती के वर्ष को जिसमें आयोग द्वारा सीधी भर्ती के लिये रिक्तियां विज्ञापित की जायें, पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और पश्चातवर्ती भर्ती वर्ष की पहली जुलाई को 35 वर्ष की आयु न पूरी की हो:

परन्तु यह कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सामान्य आदेशों से विनिर्दिष्ट की जाये।

चरित्र

10. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये कि वह जल संस्थान की सेवा में सेवायोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो, नियुक्ति प्राधिकारी इस समबंध में अपना समाधान कर लेगा।

**टिप्पणी**– संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे, नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नही होंगे।

**शारीरिक स्वस्थता**

11. किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा, यदि वह मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है, जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षतापूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अनुमोदित करने से पूर्व उससे :--

(क) राजपत्रित पद या सेवा के मामले में, आयुर्विज्ञान परिषद् की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी;

(ख) सेवा में अन्य पदों के मामले में वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–दो, भाग–तीन के अध्याय–तीन में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है;

परन्तु यह कि पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी के लिए स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं होगा।

**शैक्षिक अर्हताएं**

12. (1) **सहायक अभियन्ता** :– भारत की विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सिविल/विद्युत/यांत्रिक अभियन्त्रिकी में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि या सिविल/विद्युत/यात्रिकी अभियांत्रिकी में इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) की 'क' व 'ख' की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(2) **कनिष्ट अभियन्ता** :– शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से सिविल/विद्युत/यांत्रिक अभियन्त्रिकी में 03 वर्ष का डिप्लोमा किया हो।

**अधिमानी अर्हतायें**

13. अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जाएगा; जिसने–

(क) प्रादेशिक सेवा में कम से कम दो वर्ष तक सेवा की हो; या

(ख) नेशनल कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

**वैवाहिक प्रास्थिति**

14. पुरूष, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हो अथवा ऐसी महिला जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति की पात्र नहीं होगी :

परन्तु यह कि यदि सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकेगी।

भाग–पाँच

## सीधी भर्ती के लिए प्रकिया

रिक्तियों का अवधारण

15. सरकार वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या तथा इनके लिए क्षैतिज आरक्षण अवधारित करेगी और आयोग को सूचित करेगी।

सीधी भर्ती की प्रकिया

16. (1) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिए आवेदन–पत्र आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में प्रकाशित विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश–पत्र न हो।

(3) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात् आयोग नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित् करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करेगा, जो इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक् पहुंच सके हों। साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रदान किये गये अंकों को लिखित परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त किये गये अंकों में जोड़ दिया जायेगा।

(4) आयोग अभ्यर्थियों की उनकी प्रवीणता क्रम में जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को जितनी वह नियुक्ति के लिए उचित समझे, संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी कुल योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। आयोग सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

फीस

17. सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी, आयोग को और चिकित्सा परिषद् को ऐसी फीस का भुगतान करेगा, जो सरकार द्वारा समय–समय पर विहित की जाये। फीस की वापसी के लिये कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अनुमोदित सूची

18. नियम 15 के अधीन आयोग द्वारा तैयार की गयी सूची प्राप्त होने पर नियुक्ति प्राधिकारी नियम 6, 9 एवं 10 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति करेगा।

भाग–छः

पदोन्नति की प्रकिया

पदोन्नति

19. (1) जहां पदोन्नति के लिए मानदण्ड श्रेष्ठता हो, वहां नियुक्ति प्राधिकारी पोषक पद पर ज्येष्ठता क्रम में अभ्यर्थियों की एक पात्रता–सूची तैयार करेगा, जिसमें नाम, यथासम्भव रिक्तियों की संख्या के तीन गुना, किन्तु कम से कम आठ, रखे जायेंगे।

(2) जहां पदोन्नति का मापदण्ड अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता हो, वहां नियुक्ति प्राधिकारी पोषक पद के प्रत्येक श्रेणी अर्थात् सामान्य, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की अलग–अलग तीन पात्रता सूचियां उक्त श्रेणी के लिये उपलब्ध रिक्तियों को दृष्टि में रखते हुये तैयार करेगा, जो ज्येष्ठतम अभ्यर्थियों की पात्रता–सूची कही जायेगी, जिसमें यथा सम्भव निम्नलिखित अनुपात में रखे जायेंगे :–

01 से 05 रिक्तियों के लिये–रिक्तियों की संख्या का दुगुना किन्तु कम से कम पाँच।

05 से अधिक रिक्तियों के लिये–रिक्तियों की संख्या का 1–½(डेढ़) गुना किन्तु कम से कम दस।

**स्पष्टीकरण**– इस नियम में "**रिक्तियों की संख्या**" से कुल रिक्तियां तथा वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों की कुल संख्या अभिप्रेत है।

पदोन्नति द्वारा भर्ती निम्न चयन समितियों के माध्यम से पोषक पद के सभी पात्र अधिकारियों में से नियम 5 में दी गई व्यवस्था के आधार पर की जायेगी :–

**(क) मुख्य महाप्रबंधक के पद पर चयन हेतु समिति**

**(एक)** मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार – अध्यक्ष;

**(दो)** प्रमुख सचिव/सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड सरकार – सदस्य;

**(तीन)** प्रमुख सचिव/सचिव, कार्मिक, उत्तराखण्ड सरकार – सदस्य;

**(चार)** यदि उपखण्ड (एक) से (तीन) में निर्दिष्ट अधिकारी

अनुसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का न हो तो उक्त जातियों या वर्गों जिनका प्रतिनिधित्व समिति में न हो, के एक अधिकारी को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार, द्वारा, ऐसे अधिकारियों में से, जो मुख्य महाप्रबन्धक पद से एक वेतनमान उच्च पद पर हो, नाम–निर्दिष्ट किया जायेगा।

**(ख) महाप्रबंधक के पद पर चयन समिति**

**(एक)** प्रमुख सचिव/सचिव, पेयजल उत्तराखण्ड सरकार – अध्यक्ष;

(दो) प्रमुख सचिव/सचिव, कार्मिक, उत्तराखण्ड सरकार /प्रतिनिधि कार्मिक विभाग या उनका नाम-निर्देशित, जो संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर का हो – सदस्य;

(तीन) अपर सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन – सदस्य;

(चार) सचिव, पेयजल द्वारा नामित एक विशेषज्ञ, जो महाप्रबन्धक पद के एक वेतनमान उच्च पद पर हो;

(पांच) यदि उपखण्ड (एक) से (चार) में निर्दिष्ट अधिकारी अनुसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का न हो तो उक्त जातियों या वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व समिति में न हो, के एक अधिकारी को सचिव, पेयजल उत्तराखण्ड सरकार, द्वारा ऐसे अधिकारियों में से, जो कम से कम उस पद से, जिनके लिये चयन समिति गठित की जानी है, एक वेतनमान उच्च पद पर हो, नाम निर्दिष्ट किया जायेगा;

(ग) **अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के पदों हेतु चयन समिति –**

(एक) प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड सरकार, पेयजल विभाग – अध्यक्ष

(दो) प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड सरकार, कार्मिक विभाग या उनके द्वारा नामित, जो संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर का हो – सदस्य

(तीन) अपर सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन – सदस्य

(चार) यदि उपखण्ड (एक) से (चार) में निर्दिष्ट अधिकारी अनुसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का न हो तो उक्त जातियों या वर्गों, जिनका प्रतिनिधित्व समिति में न हो, के एक अधिकारी को प्रमुख सचिव/सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा ऐसे अधिकारियों में से, जो कम से कम उस पद से, जिसके लिये चयन समिति गठित की जानी है, एक वेतनमान उच्च पद पर हो, नाम-निर्दिष्ट किया जायेगा; – सदस्य

(घ) **अपर सहायक अभियंता के पद हेतु चयन समिति :–**

(एक) मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान – अध्यक्ष;

(दो) महाप्रबन्धक (मुख्यालय) उत्तराखण्ड जल संस्थान – सदस्य;

(तीन) मुख्य महाप्रबन्धक द्वारा नामित महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान – सदस्य।

(3) चयन समिति चयन वर्ष में पदों की उपलब्धता के अनुरूप नियुक्ति हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों के नामों की सूची तैयार करेगी।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी, अभ्यर्थियों के नाम उस क्रम में लेकर, जिसमें उनके नाम सूची में आये हों, नियुक्त करेगा।

(5) सूची में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी, जिनके लिये रिक्तियां तुरन्त उपलब्ध न हो, को वर्ष के दौरान रिक्त होने वाले पदों के लिए तब तक प्रतिक्षारत रखे जायेंगे जब तक पद रिक्त न हो जाए।

संयुक्त चयन सूची 20. यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जायें, जो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थियों के नाम सुसंगत सूचियों से इस प्रकार लिये जायेंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे, सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

## भाग–सात

## नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति 21. रिक्तियों के होने पर, सरकार सेवाओं में नियुक्तियां नियम 18 के अधीन तैयार की गयी सूची से, और नियम 19 के उपबन्धों के अनुसार पदोन्नति द्वारा करेगी।

परिवीक्षा 22. (1) सेवाओं में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति किए जाने पर प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा :

परन्तु यह कि नियुक्ति प्राधिकारी किसी व्यक्ति विशेष के मामले के पर्याप्त कारणों से, जो अभिलिखित किए जायेंगे दो वर्ष से अनधिक अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है। समयावधि बढ़ाने के ऐसे आदेश में यह ठीक अवधि लिखी जायेगी, जब तक के लिए उक्त अवधि बढ़ायी गयी हो।

(2) यदि परिवीक्षा अवधि अथवा बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि में किसी समय यह पाया जाये कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है अथवा अन्य किसी प्रकार से उस कार्य स्तर के सम्बन्ध में, जिसे उससे अपेक्षा की जाती है, संतुष्ट करने में असफल रहा है, तो उसकी सेवायें यदि वह सीधी भर्ती से लिया गया हो, समाप्त की जा सकती है, जिसके लिए वह किसी नोटिस अथवा प्रतिकर का हकदार न होगा।

स्थायीकरण 23. कोई परिवीक्षाधीन व्यक्ति परिवीक्षा अवधि अथवा बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में पद पर स्थायी कर दिया जायेगा, यदि उसका कार्य और आचरण सन्तोषजनक हो और उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाये।

ज्येष्ठता

24. (1) एतद्पश्चात् की गई व्यवस्था के अतिरिक्त किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता उत्तराखण्ड सरकारी सेवक (ज्येष्ठता निर्धारित) नियमावली, 2002 के अनुसार किया जायेगा। यदि दो या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जाते हैं तो उनकी ज्येष्ठता उस कम में निर्धारित की जायेगी, जिसमें उनके नाम उसकी नियुक्ति आदेश में कमांकित किये जाते है :

परन्तु यह कि यदि नियुक्ति आदेश में कोई पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाता है, जिससे कोई व्यक्ति मूल रूप से नियुक्त किया जाता है तो वह दिनांक उसकी मौलिक नियुक्ति आदेश का दिनांक माना जायेगा तथा अन्य मामले में इसे आदेश जारी किये जाने का दिनांक माना जायेगा।

(2) किसी एक चयन के परिणामस्वरूप सीधी नियुक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो, यथास्थिति, आयोग या चयन समिति द्वारा अवधारित की जाय :

परन्तु यह कि यदि सीधी भर्ती वाला कोई अभ्यर्थी पद का प्रस्ताव प्रदान किये जाने पर बिना वैध कारणों से कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहता है तो वह अपनी ज्येष्ठता खो सकता है।

(3) पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी, जो उनके संवर्ग में थी, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है।

(4) जहां नियुक्तियां पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से अथवा किसी एक स्रोत द्वारा की जाती हैं और स्रोतों का पृथक–पृथक कोटा विहित है तो परस्पर ज्येष्ठता नियम 20 के अनुसार तैयार की गई संयुक्त सूची के नामों को चक्रीय कम में इस प्रकार कमांकित कर अवधारित की जायेगी कि विहित प्रतिशत बना रहे .

परन्तु यह कि–

(क) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से अधिक की जाती हैं वहां कोटे से अधिक नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता अनुवर्ती वर्ष या वर्षो में, जिनमें कोटे के अनुसार रिक्तियां हों, नीचे कर दी जायेंगी।

(ख) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से कम की जाती हैं और ऐसे रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्तियां अनुवर्ती वर्ष या वर्षो में की जाती है, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की किसी पूर्ववर्ती वर्ष से ज्येष्ठता नहीं मिलेगी, बल्कि उन्हें उस वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी जिस वर्ष उनकी नियुक्ति की गयी। यद्यपि उस वर्ष की संयुक्त सूची में उनका नाम (इस नियम के अधीन तैयार की जाने वाली सूची) चक्रीय कम में अन्य नियुक्त व्यक्तियों के नाम से सबसे ऊपर रखा जायेगा।

(ग) जहां नियमों या विहित प्रकिया के अनुसार किसी स्रोत से भरी जाने वाली रिक्तियां संगत नियम या प्रकिया में उल्लिखित परिस्थितियों में किसी अन्य स्रोत से भरी जा सकती है और इस प्रकार कोट से अधिक नियुक्तियां की जाती है, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति को उसी वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी मानों उसकी नियुक्ति उसके कोटे की रिक्तियों के विरूद्ध की गयी है।

**स्थानान्तरण**

25. उत्तराखण्ड जल संस्थान में विभिन्न सेवाओं में स्थानान्तरण निम्न रीति से होगें –

(एक) कनिष्ठ अभियन्ता और अपर सहायक अभियंता के स्थानान्तरण मुख्य महाप्रबन्धक द्वारा किए जायेगें।

(दो) सहायक अभियन्ता एवं इससे ऊपर के पदों पर कार्यरत अभियन्ताओं के स्थानान्तरण राज्य सरकार द्वारा किए जायेंगे।

## भाग– आठ

## वेतन आदि

**वेतन और भत्ते**

26. (1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय का वेतनमान **परिशिष्ट 'क'** में दिए गए हैं।

**परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन**

27. परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से जल संस्थान की सेवा में न हो, परिवीक्षा अवधि में, प्रथम वर्ष में पद का न्यूनतम वेतन और वेतन वृद्धियाँ, जब वह देय होती हो, दी जायेगी :

परन्तु यह कि यदि परिवीक्षा की अवधि उसके असन्तोषजनक कार्य के कारण बढ़ाई जाती है तो बढ़ाई गयी अवधि की गणना, वेतन वृद्धि में नहीं की जायेगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में कोई अन्यथा आदेश न पारित करें।

## भाग – नौ

## अन्य उपबन्ध

**पक्ष समर्थन**

28. भर्ती के लिए इस नियमावली के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न सिफारिशों पर चाहे वे लिखित हों या मौखिक विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से अपनी अभ्यर्थता के लिए अन्य उपायों द्वारा समर्थन प्राप्त करने का प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

| | | |
|---|---|---|
| भविष्य निधि | 29. | उत्तराखण्ड जल संस्थान की सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भविष्य निधि ऐसी होगी, जैसी उत्तराखण्ड जल संस्थान द्वारा समय–समय पर विनियमों द्वारा अवधारित की जाये। |
| सेवानिवृत्ति की आयु | 30. | उत्तराखण्ड जल संस्थान की सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा निवृत्ति की आयु 60 वर्ष होगी अथवा जैसा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियमों द्वारा अवधारित की जायें। |
| अन्य विषयों का विनियमन | 31. | उन विषयों के सम्बंध में, जो विनिर्दिष्ट रुप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हो, सेवा में नियुक्त व्यक्ति ऐसे नियमों विनियमों और आदेशो द्वारा नियंत्रित होंगे, जो राज्य के कार्य कलाप के सम्बंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू होते है। |
| निर्वचन | 32. | यदि इस नियमावली के किन्ही उपबन्धों के निर्वचन के सम्बन्ध में कोई विवाद उठे या कठिनाई उत्पन्न हो तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा और उसका निर्णय अन्तिम तथा निश्चायक होगा। |
| शक्तियों और कृत्यों का प्रत्यायोजन | 33. | सरकार, इस नियमावली के अधीन अपनी शक्तियों को मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान को प्रत्यायोजित कर सकती है। |
| व्यावृत्ति | 34. | इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नही पड़ेगा, जिनका नियम 6 और इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित है। |

परिशिष्ट 'क'

{कृपया नियम 4 का उपनियम (2) तथा नियम 25 का उपनियम (2) देखें}

## अभियन्त्रण सेवा

| क0सं0 | पदनाम | वेतनमान (रू0 में) | ग्रेड वेतन (रू0 में) | स्वीकृत पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | मुख्य महाप्रबन्धक | 37400–67000 | 8900 | 01 |
| 2. | महाप्रबन्धक | 37400–67000 | 8700 | 03 |
| 3. | अधीक्षण अभियन्ता | 15600–39100 | 7600 | 13 |
| 4. | अधिशासी अभियन्ता | 15600–39100 | 6600 | 28 |
| 5. | सहायक अभियन्ता | 15600–39100 | 5400 | 112 |
| | **अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा** | | | |
| 1. | अपर सहायक अभियंता | 9300–34800 | 4800 | 197 |
| 2. | कनिष्ठ अभियन्ता | 9300–34800 | 4200 | 66 |

आज्ञा से,

उत्पल कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of "the Constitution of India", the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1343/XXIX(1)/2011-(20 Adhi)/11, dated December 02, 2011 for general information :

No. 1343/XXIX(1)/2011-(20 Adhi)/11
*Dated Dehradun , December 02, 2010*

NOTIFICATION1

In exercise of the powers conferred by section 27-A of the Uttar Pradesh Water Supply and Sewerage Act. 1975. (as applicable to the State of Uttarakhand) and in suppersession of the all existing orders and rules in this regard. the Governor is pleased to make the following rules for recruitment and the conditions of service of persons appointed to the posts of Uttarakhad Jal Sansthan Engineering Services :-

# The Uttarakhand Jal Sansthan Engineering Service Rules, 2011

## PART-1

## General

**Short title, Extent and commencement**

1. (1) These rules may be called the Uttarakhand Jal Sansthan Engineering Service Rules. 2011.

(2) It extends to the all Engineering services serving in the Uttarakhand Jal Sansthan.

(3) It shall come into force from the date of its publication in the Gazette.

**Status of Service**

2. The Uttarakhand Jal Sansthan Engineering Services comprises of Group "A", "B" and "C" Posts.

**Definitions**

3. In these rules unless there in anything repugnant in the subject or context-

(a) **"Appointing Authority"** for the Uttarakhand Jal Sansthan Engineering Services and Subordinate Engineering Services means the State Government :

(b) "**Uttarakhand Jal Sansthan Engineering Service**" and "**Uttarakhand Jal Sansthan Subordinate Engineering Services**" means a general service of Uttarakhand Jal Sansthan created under rule 3;

(c) **"Citizen of India"** means, a person, who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of **"the Constitution of India;"**

(d) **"Commission"** means the Uttarakhand Public Service Commission;

(e) **"Constitution"** means **"the Constitution of India"**;

(f) **"Government"** means the Government of Uttarakhand;

(g) **"Governor"** means the Governor of Uttarakhand.

(h) **"State"** means the State of Uttarakhand;

(i) **"Direct Recruitment"** means recruitment made in accordance with the procedure in part-V of these rules;

(j) **"Uttarakhand Jal Sansthan"** means the Uttarakhand Jal Sansthan established under the Uttar Pradesh Water Supply and Sewerage Act, 1975 (as applicable to the State of Uttarakhand);

(k) **"Member of service"** means a person appointed by appointing authority or finally allocated for service of Uttarakhand of any posts in cadre of any Engineering service under these rules;

(l) **"Other Backward Classes of citizens"** means Backward Classes of citizens specified in Schedule-I of the Uttar Pradesh Public Service (Reservation for Scheduled Castes. Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act. 1994 (as applicable to the State of Uttarakhand) and as amended from time to time:

(m) **"Substantive Appointment"** means an appointment not being *an adhoc* appointment on a post in the cadre of the Service. made after selection in accordance with the rules and. if there is no rules. in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instruction issued by the Government:

(n) **"Year of recruitment"** means a period of twelve months commencing from the first day of July of a calendar year.

## PART - II

## Cadre and Number of Members

**Establishment of Engineering services**

4. (1) There shall be following centralized Engineering services in the Uttarakhand Jal Sansthan and name of posts shall be such as mentioned in front of that services :-

| | |
|---|---|
| (a) Uttarakhand Jal Sansthan Engineering Service | (i) Chief General Manager |
